तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 सितंबर 2024

**गाड़ी का स्वरूप बदलकर डीजे लगाने पर भी होगी कार्रवाई**

*विभिन्न त्योहारों में देखा जाता है कि डीजे संचालक बड़ी गाड़ी या फिर गाड़ी का स्वरूप बदलकर उसमें डीजे लगाते हैं। इस बार प्रशासन इसे लेकर भी सख्ती बरतेगा। बड़ी गाड़ी या फिर गाड़ी का स्वरूप बदलने वाले डीजे संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

# कानफोड़ू डीजे पर प्रशासन सख्त, लाइव फोटो-वीडियो के आधार पर एक दिन बाद भी होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

गणेश उत्सव के दौरान इस बार डीजे संचालकों पर पुलिस के साथ जिला प्रशासन की खास नजर रहेगी। बिना अनुमति लिए और निर्धारित साउंड से ज्यादा आवाज करने वाले डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई सिर्फ स्पॉट पर नियम तोड़ते पकड़े जाने पर नहीं, बल्कि दूसरे दिन उसका लाइव बनाया गया विडियो या खींची गई फोटो के आधार पर भी की जाएगी। प्रशासन की इस सख्त निर्देश के बाद गणेश उत्सव के दौरान डीजे संचालकों को भी कार्रवाई से बचने के लिए अब नियमों का पालन करते हुए डीजे बजाना होगा।

## गणेशोत्सव को लेकर प्रशासन ने डीजे संचालकों को दिए सख्त निर्देश

### कलेक्टर-एसएसपी से हो चुकी है शिकायत, हाईकोर्ट के निर्देश भी

छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति द्वारा डीजे संचालकों द्वारा नियमों को ताक में रखकर डीजे बजाने के मामले में पूर्व में कई बार जिला कलेक्टर और एसएसपी से शिकायत कर चुका है। यहीं नहीं इस मामले समिति ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई गई थी। इस मामले में कोर्ट ने शासन और जिला प्रशासन को डीजे पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद रायपुर में भी डीजे संचालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई थी।




### इधर, तीन डीजे जब्त

बिना अनुमति डीजे बजाते पाए जाने पर मरीन ड्राइव के समीप तीन गाड़ियों को तेलीबांधा पुलिस ने जब्त कर लिया है। बोलेरो क्रमांक सीजी 24 टी-1335, आयशर सीजी 24 टी 5595, ट्रक सीजी 04 एचसी 3582 पर कार्यवाही के दौरान एसडीएम, तहसीलदार और थाना बल मौजूद थे।

### गाइड लाइन के अनुसार सख्त कार्रवाई करेंगे

गाइड लाइन का पालन नहीं करने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। प्रशासन 55 डेसिबल से कम साउंड सिस्टम बजाने की अनुमति देता है। इससे ज्यादा आवाज वाला साउंड सिस्टम प्रतिबंधित है। इसकी अनुमति नहीं दी जाती है।

- देवेंद्र पटेल, एडीएम रायपुर

गणेश उत्सव के लिए डीजे संचालकों को डीजे बजाने की अनुमति देने से पहले बुधवार को अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल ने डीजे संचालकों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने बैठक में डीजे संचालकों से कहा कि गणेश उत्सव के दौरान निर्धारित 55 डेसिबल से ज्यादा तेज आवाज में डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों के तहत डीजे बजाने की शर्त का पालन करने वाले संचालक को ही अनुमति दी जाएगी। इस अनुमति के बाद भी ▸▸ शेष पेज 16 पर

### प्रतिबंधित होने के बावजूद बजेंगे डीजे

डीजे साउंड सिस्टम की आवाज 55 डेसिबल से ज्यादा ही रहती है। नियम के अनुसार यह पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके शहर में जगह-जगह डीजे बजते रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### नशे का कैप्सूल बेचने वाले को कैद



**रायपुर।** नशे का कैप्सूल बेचने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट ने 10 साल कैद तथा एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विनोद भारत के मुताबिक कोर्ट ने कुकुरबेड़ा निवासी मलिंदर सिंह को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मलिंदर के कब्जे से पुलिस ने 26 नवंबर 2023 को 430 नशीला कैप्सूल जब्त किया था।

### कार चालक से लूट, महिला सहित तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पिछले दिनों कार चालक की आंखों में मिर्च पावडर डालकर सोने की चेन लूटने के आरोप में पुलिस ने एक महिला सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक एक सितंबर को खोखोपारा निवासी संकल्प वर्मा तथा उसके मामा के साथ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार लूट के आरोप में हिना परवीन उर्फ छोटी, अल्ताफ उर्फ बाबू तथा शेख जावेद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनों आदतन बदमाश हैं।

### मंडी बोर्ड के परिणाम जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा मंडी बोर्ड के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। सहायक संचालक और सचिव के पदों के लिए 25 फरवरी को व्यापम ने यह परीक्षा ली थी। इसके अलावा 21 जुलाई को आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा के मॉडल आंसर भी जारी कर दिए गए हैं। वहीं पीएससी ने परिवहन उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी किए हैं। परिणाम और सभी मॉडल आंसर संबंधित विभाग के वेबसाइट पर छात्र देख सकते हैं।

## मामला राजातालाब और टिकरापारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का

# बैड टच को लेकर बवाल, 62 वर्षीय शिक्षक पर आरोप, इधर... बालक और शिक्षक भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ थाने में दर्ज की गई शिकायत, पालकों ने किया जमकर हंगामा

राजधानी के दो विद्यालयों में शिक्षकों पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक विद्यालय में जहां शिक्षक पर बैड टच का आरोप लगा है तो वहीं एक अन्य शिक्षक पर तीसरी कक्षा के छात्र को पीटने का आरोप लगा है। मामला क्रमशः राजातालाब स्थित प्राथमिक शाला और टिकरापारा स्थित प्राथमिक शाला का है। दोनों ही विद्यालयों में पालकों ने हंगामा किया। राजातालाब स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पहली से पांचवीं कक्षा तक का संचालन होता है। यहां के एक 62 वर्षीय शिक्षक पर बैड टच का आरोप लगाया गया है। इसके बाद पालकों और पार्षदों ने स्कूल पहुंचकर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की।

पूरे मामले की जांच नोडल प्राचार्य नोडल द्वारा करके जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा कार्यालय को सौंप दी गई है। जांच करने वाले अधिकारियों का कहना है कि बच्चियां तीसरी, चौथी और पांचवीं कक्षाओं की है। बैड टच की शिकायत सामने आने के बाद बच्चियों से बातचीत की गई। बच्चियों का कहना है कि आरोपी शिक्षक द्वारा उन्हें कक्षा में गलत तरीके से छुआ जाता था। इसकी शिकायत उन्होंने अपने पालकों से की। इसके बाद पार्षद पुरुषोत्तम बेहरा के नेतृत्व में पालकों ने शिकायत की।




### नहीं लगे हैं कैमरे

विद्यालय परिसर में केवल बरामदे में कैमरे लगाए गए हैं। कक्षा में कैमरे की व्यवस्था नहीं है। सूत्रों के अनुसार, जिस प्राध्यापक पर आरोप लगाए गए हैं वो आरोप लगाए जाने के बाद से ही विद्यालय में अनुपस्थित है। इसके कारण शाला प्रबंधन द्वारा किसी तरह की पूछताछ संबंधित शिक्षक से नहीं की जा सकी है। गौरतलब है कि अगस्त माह में ही मायाराम सुरजन विद्यालय के एक व्याख्याता पर 11वीं कक्षा की छात्रा ने अश्लील मैसेज का आरोप लगाया था। सबुतों के आधार पर संबंधित व्याख्याता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पूरे प्रकरण के बाद प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में छात्राओं की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

### थाने पहुंची शिकायत

पालकों द्वारा विद्यालय को सौंपी गई शिकायत को शाला प्रबंधन ने सरस्वती नगर थाने में प्रेषित कर दिया है। संबंधित थाने के टीआई रोहित मानेकर ने बताया कि प्राप्त पत्र के आधार पर शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। पूरे मामले पर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

### कमेटी बनाई है

*शिकायत प्राप्त होते ही हमने कमेटी बनाई। कमेटी में महिला शिक्षक शामिल थीं। बच्चियों के घर जाकर उनसे बातचीत की गई है। रिपोर्ट आगे प्रेषित कर दी गई है।*

*- **मनोज गिरवार,** नोडल प्राचार्य, राजातालब शासकीय विद्यालय*

### निलंबन की मांग

*बेटियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मामले की जानकारी मिलते ही हमने शिकायत करते हुए निलंबन की मांग की है।*

*- **पुरुषोतम बेहरा,** पार्षद*

### पहले भी शिकायत

*जिस बालक को पीटने का आरोप लगाया गया है, उसकी पहले भी अनुशासनहीनता संबंधित शिकायत आ चुकी है।*

*- **श्री पटेल,** प्रधान पाठक, टिकरापारा प्राथमिक शाला*

### प्रबंधन का कहना, छात्रों के मध्य हुआ था विवाद

एक अन्य मामला टिकरापारा शासकीय प्राथमिक शाला से सामने आया है। यहां कार्यरत एक शिक्षक पर आरोप लगा है कि उनके द्वारा एक बालक को पीटा गया है। इससे तीसरी कक्षा के उक्त बालक के हाथों में चोट आ गई है, जबकि शिक्षक तारकेश्वर मिरधे का कहना है कि तीसरी कक्षा का छात्र पांचवीं कक्षा के छात्र का गला दबा रहा था। छुड़वाने के दौरान हाथ में निशान बन गया। शाला प्रबंधन के मुताबिक, तीसरी कक्षा के जिस छात्र को पीटने का आरोप लगाया गया है, वह कक्षा में कभी-कभी ही आता है। अन्य विद्यार्थियों की तुलना में अधिक शरारती होने के कारण उसकी शिकायत नियमित रूप से आती रहती है। पूरे मामले को लेकर विद्यालय में सुबह से ही बवाल होता रहा। इसके बाद पालकों और शाला प्रबंधन द्वारा बातचीत कर मामले को सुलझाया गया और बालक को नियमित विद्यालय आने की समझाइश दी गई।

## जालसाजों ने की ठगी

# आईपीओ खरीदने आठ लाख क्रेडिट लोन देकर ठग लिए साढ़े पांच लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले जालसाज अपने शिकार को ठगी के जाल में फंसाने के लिए कथित तौर पर शेयर खरीदने ऑनलाइन क्रेडिट देकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला डीडीनगर थाने में आया है। जालसाजों ने पेशे से संगीच टीचर के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पांच लाख 65 हजार रुपए से ज्यादा की ठगी की है। मामले की जांच रेंज साइबर पुलिस कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अग्रोहा सोसाइटी निवासी अमिताभ त्रिपाठी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अमिताभ ने पुलिस को बताया है कि 29 जुलाई को एक अज्ञात नंबर से उसके मोबाइल में एक लिंक आया। लिंक में कोटक महिंद्रा सेक्यूरिटी लिमिटेड के नाम से ट्रेडिंग एप के बारे में जानकारी दी गई। अमिताभ ने दिए गए लिंक के नंबर के आधार पर संपर्क किया, तो उसे ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी गई। लाभ मिलने के झांसे में आकर अमिताभ ने आईपीओ खरीदी किया। इसके एवज में उसे 20 हजार रुपए मुनाफे का भुगतान किया गया।

### आईपीओ खरीदने आठ लाख रुपए क्रेडिट लोन

अमिताभ के मुताबिक उसके पास जितने पैसे थे, उन पैसों को वह शेयर में लगा चुका था। इसके बाद आईपीओ खरीदने और पैसों की जरूरत पड़ने पर अमिताभ को जालसाजों ने आठ लाख रुपए का क्रेडिट लोन दिया। मुनाफा 33 लाख रुपए होने पर अमिताभ ने अपने आईपीओ बेच कर पैसों का क्लेम किया, तो जालसाजों ने अमिताभ को लिए गए क्रेडिट लोन की राशि जमा करने के लिए कहा। इसके बाद अमिताभ को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ और उसने थाने में ठगी का शिकायत दर्ज कराई।

# 24 घंटा पानी पहुंचाने 7 हजार घरों में कनेक्शन बाकी, कई जगह ट्रायल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने में अभी समय लगेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी 7 हजार घरों में कनेक्शन नहीं कर पाई है। यही नहीं, महापौर के वार्ड में शामिल विद्यानगर बस्ती और तात्यापारा वार्ड के हांडी पारा में पानी टेस्टिंग का ट्रायल अभी बाकी है। बुधवार को गोलबाजार के बंजारी मंदिर से तात्यापारा के तिकोणीय हिस्से में पाइप लाइन टेस्टिंग के काम को पूरा किया गया। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना ▸▸ शेष पेज 16 पर



*गोलबाजार में पानी टेस्टिंग का ट्रायल हुआ पूरा*

*15 वार्डों में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति का प्रोजेक्ट*

### 60 फीसदी घरों में लगाये स्वचालित वाटर मीटर

पानी की खपत जांचने आधुनिक स्वचालित प्रणाली से युक्त 24 हजार वाटर मीटर इस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क लगाया जाना है। सूत्रों के मुताबिक इसमें से 60 फीसदी वाटर मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है। शहर में पहली बार विदेशी तकनीक से निर्मित स्वचालित वाटर मीटर प्रोजेक्ट में शामिल 15 वार्डों में लगाये जा रहे हैं। इसमें से एक वाटर मीटर की कीमत 14 हजार रुपये है। इसे उपभोक्ताओं के घर निःशुल्क लगाया जा रहा है। बाद में इस वाटर मीटर में पानी की खपत के आधार जल शुल्क लिया जायेगा। शहरी ▸▸ शेष पेज 16 पर

## जीएमसी में 147 एडमिशन आज अंतिम दिन



**रायपुर।** बुधवार को शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में 29 विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया। अब तक यहां 147 सीटों पर प्रवेश हो चुका है। वहीं रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) में 39, श्री बालाजी मेडिकल कालेज में 54, श्री रावतपुरा मेडिकल कालेज में 34 लोगों ने प्रवेश लिया।

पहले राउंड की काउंसिलिंग में प्रवेश का आज अंतिम दिन है, जिसके बाद राज्य के अन्य कालेजों में भी प्रवेश के आंकड़े स्पष्ट होंगे। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया 9 से 18 सितंबर को पूरी की जाएगी। अन्य प्रक्रियाओं के बाद 24 से 27 सितंबर तक दूसरे राउंड में मेडिकल और डेंटल ▸▸ शेष पेज 16 पर

# एनएसयूआई के थाना घेराव में पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष बैज, देर शाम तक चला प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ एबीवीपी नेताओं पर एफआईआर की मांग

साइंस महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं के बीच मंगलवार को हुई मारपीट की घटना को लेकर एनएसयूआई ने एबीवीपी के नेताओं पर एफआईआर की मांग को लेकर सरस्वती नगर थाने का घेराव कर किया। जानकारी मिलने पर शाम को पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज भी वहां पहुंचे। उन्होंने एनएसयूआई की रिपोर्ट पर कार्रवाई न किए जाने पर आपत्ति जताई। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन सरकार के दबाव में आकर एबीवीपी को समर्थन दे रहा है और उन्हें संरक्षण प्रदान कर रहा है। दोनों संगठनों ने सरस्वती नगर थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रात में, पुलिस ने ▸▸ शेष पेज 16 पर



### यह है मामला

यह घटना उस समय हुई जब एबीवीपी कार्यकर्ता कॉलेज में सदस्यता अभियान चला रहे थे। घटना की शुरुआत तब हुई जब एबीवीपी के कार्यकर्ता कक्षाओं में जाकर छात्रों से सदस्यता फॉर्म भरवा रहे थे और पांच रुपये का सदस्यता शुल्क वसूल रहे थे। इस पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जताई और एबीवीपी के सदस्यता फॉर्म फाड़ दिए। इसके बाद दोनों ▸▸ शेष पेज 16 पर

## मौसम के दो रंग, कहीं झमाझम बारिश तो कहीं पड़ा रहा सूखा

**रायपुर।** स्थानीय प्रभाव से बुधवार को दोपहर राजधानी में मौसम के दो रंग देखने को मिले। कुछ इलाके में काफी देर तक झमाझम बारिश हुई, तो कई हिस्सों में सूखा पड़ा रहा। खंड वर्षा की वजह से मौसम विभाग के आंकड़ों में शहर में वर्षा दर्ज नहीं हो पाई। माना में शाम साढ़े पांच बजे तक 23.8 मिमी. बारिश दर्ज की गई। इस बार सितंबर का महीना मानसून ब्रेक जैसी स्थिति के साथ प्रारंभ हुआ है और प्रदेश में व्यापक रूप से वर्षा नहीं हो पाई है। तापमान बढ़ने ▸▸ शेष पेज 16 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## राजधानी के शास्त्री मार्केट व गोलबाजार में दिनभर रही रौनक

# करूभात की जरूरत ने बाजार में बढ़ाया भाव, तीज से पहले 160 से 240 रुपए प्रति किलो बिका करेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तीजा व्रत रखने वाली महिलाएं व्रत शुरू करने से पहले करूभात खाती हैं। लाखों की तादाद में उपासक महिलाओं की जरूरत ने बुधवार को करेला के भाव को आसमान पर पहुंचा दिया। शहर के शास्त्री मार्केट, टिकरापारा में सुबह से शाम तक बाजार में करेले की पूछ-परख के कारण दुकानदारों ने इसे 160 से 240 रुपए प्रति किलो की दर पर बेचा। इसके बाद भी खरीदने वालों की मांग दिनभर रही।

तीज के लिए खरीदी के कारण हर साल की तरह इस बार भी बाजार में रौनक रही। इसे मनाने के लिए बेटियों और बहनों को मायके बुलाने का दौर भी सप्ताहभर पहले से शुरू हो चुका है।



गुरुवार को करू-भात खाने के बाद तिजहारिनों का जहां व्रत शुरू होगा। वहीं इसके पहले शास्त्री मार्केट में करेला खरीदने के लिए लोगों की आवाजाही रही। लोगों की जरूरत को देखते हुए फुटकर सब्जी बेचने वालों ने इसकी खेप भी पर्याप्त रखी थी। जिनके पास पहले 30-40 किलो करेला बिकना मुश्किल होता था।

### 40 से 60 रुपए पाव बिका करेला

टिकरापारा में सब्जी बेचने वाले तरुण साहू ने बताया कि 40 रुपए व 60 रुपए पाव में करेला बिकने के बाद भी लोगों ने एक पाव-आधा किलो ही सही मगर जो भी दुकान तक पहुंचा, उनकी पहली मांग करेले की रही। वहीं तरुण मार्केट के अजीज खान ने बताया कि त्योहारी सीजन में बाहर से आने वाली सब्जी की खेप कम हो जाती है। इससे बाजार में मांग बढ़ने से रेट में ज्यादा अंतर देखा जा रहा है।

### गुरुवार को खाएंगी करूभात

तीज व्रत की शुरुआत गुरुवार को करूभात से होगी। तीजा उपवास के एक दिन पहले महिलाएं भात के साथ करेले की सब्जी खाती हैं, जिसे करू भात कहा जाता है। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई है, क्योंकि करूभात खाने से निर्जला व्रत करने वाली सुहागिनों को प्यास कम लगती है। व्रत के दौरान पूजन में कई सामग्री की जरूरत होती है।



# KRISHNA PUBLIC SCHOOL

wishes you *Happy Teachers' Day*



*"Behind every Child who believes in themselves, is a Teacher who believed in them first".*




## INTERNATIONAL GOLD MEDAL - IESO 2024

In **International Earth Science Olympiad** which was held in **Beijing** from August 8th to 16th, **136 students** from **35 countries** showcased their skills across three major events : **ITFI** (International Team Field Investigation), **ESP** (Earth System Project), and **Individual Tests.**

**Manan Sethia** (Class XI), from **KPS, Kamal Vihar**, achieved a **GOLD MEDAL** in the ESP event with a diverse team of six students from **India, Macao, Germany, Austria, Belarus**, and **South Korea.**

Additionally, he earned a **BRONZE MEDAL** in the individual tests, which included two theoretical exams and five practical challenges.

## JEE Advanced (2024)



**BHAGYANSH SAHU**

C.G. STATE TOPPER

**CRL-86**

## CBSE Class XII (2023-24)



**SAHEB SINGH HORA**

C.G. STATE TOPPER

**97.60%**

## CBSE Class X (2023-24)




**TANISHA CHOUDHARY**

City Topper (Female)

**99%**

Total of Top 5 subjects

- **52** Class XII Graders Scored Above 90%
- **152** Class X Graders Scored Above 90%
- **23** JEE Mains Qualifiers - 2024
- **30** NEET (UG) Qualifiers - 2024
- **11** JEE Advanced Qualifiers - 2024
- **04** NFLAT Qualifiers - 2023-24
- **07** CLAT Qualifiers - 2023
- **11** IOQM Qualifiers - 2023



Hon'ble CM, C.G State Mr. Vishnu Deo Sai enaugurated 'Ek Ped Mahatari ke Naam'




Guru Purnima celebrations in KPS, Kamal Vihar



Kargil Vijay Diwas celebrated in the presence of Subedar Major Pamendra Puri



The girls of KPS visited a CRPF Camp, Tulsi, to tie Rakhis on the wrists of Soldiers



Zindagi Na Milegi Dobara, in awareness of Traffic Rules, Nasha Mukti, Health-Hygiene




National 2nd Runners Up of the USQ-23, hosted by Harsha Bhogle and won Rs. 10 Lacs

**KRISHNA PUBLIC SCHOOL**
Sec. 27, Atal Nagar, Raipur (C.G.)
✆ : 0771-2970531

*Best wishes from* **KPS TULSSI**

Campus : Chandkhuri Road, Baradera, Tulssi, Raipur. ✆ : +91-76102 05701
Tulssi KPS | Tulssi Kps | kps.tulsi@gmail.com | www.kpstulssi.com

**KRISHNA PUBLIC SCHOOL**
Sarona, Raipur (C.G.)
✆ : 0771-2970531

Campus : **KAMAL VIHAR**, DUNDA, RAIPUR. ✆ : 0771-4289200, 01, | ✉ : kps.raipur@gmail.com | www.kpsraipur.com | kpsraipurofficial | kps.raipur

# अमलीडीह-महावीर नगरवासी आवारा मवेशियों से परेशान, हर रोज हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के अमलीडीह, महावीर नगर क्षेत्र के रहवासी आवारा मवेशियों से अब त्रस्त हो चुके हैं। सुबह से रात तक अमलीडीह जाने वाली मुख्य सड़क से लेकर कालोनियों में जाने वाली सड़कों पर आवारा मवेशी झुंड में घूमते और बैठे रहते हैं। इसके कारण सड़कों पर आवागमन तो प्रभावित हो रहा है। साथ ही हर रोज मवेशियों के कारण सड़क हादसों में लोग घायल भी होने लगे हैं।

इधर इस मामले में संबंधित निगम जोन अधिकारियों का यही कहना है कि लगातार आवारा मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजने की कार्यवाही की जा रही है, जबकि वस्तुस्थिति कुछ और है। इस क्षेत्र में अभी तक आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान ही शुरू नहीं किया गया है। इसके कारण क्षेत्र में आवारा मवेशियों का जमावड़ा सड़कों पर लगा रहता है।

### 50 से ज्यादा सांड घूम रहे

क्षेत्र में आवारा मवेशियों में 50 से ज्यादा सांड हैं। इन सांडों के बीच हर रोज अमलीडीह रोड पर लड़ाई भी होती है, जिसके कारण ट्रैफिक जाम लगता है। साथ ही राहगीरों से लेकर दुकानदारों को अपनी जान-माल का भय भी सताने लगा है।



### रात में बड़ी दुर्घटना की संभावना

रात के समय में अमलीडीह, महावीर नगर सहित मुख्य सड़कों पर आवारा मवेशी जगह-जगह बैठे रहते हैं। ऐसे में रात के समय में इन सड़कों पर कभी भी बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। सड़कों पर अंधेरा होने के कारण रात में काले रंग के मवेशी वाहन सवार लोगों को आसानी से दिखाई नहीं पड़ते, जिसके कारण इस सड़क से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को कभी भी भारी पड़ सकता है। मवेशी से टकरा कर वाहन सवार की गिरकर मौत भी हो सकती है। हालांकि इन सड़कों पर हर रोज कोई न कोई दोपहिया वाहन सवार मवेशी के कारण गिरकर घायल भी हो रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद भी अस्पतालों की व्यवस्था जस की तस

# अपडेट नहीं हुए कैमरे, गार्डों की संख्या नहीं बढ़ी, सशस्त्र बल के लिए अब प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश के 13 दिन बीतने के बाद भी दो बड़े सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में बदलाव नजर नहीं आ रहा है। आंबेडकर अस्पताल में लगे कैमरे अपडेट नहीं हुए हैं, वहीं सुरक्षा गार्डों की संख्या जस की तस है। डीके अस्पताल द्वारा हथियार बंद पुलिस जवानों की व्यवस्था के लिए अब पुलिस अधीक्षक को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने पिछले दिनों आंबेडकर और डीके अस्पताल में चिकित्सकीय और मरीज तथा उनके परिजनों की सुरक्षा के मद्देनजर व्यवस्था को अपडेट करने के निर्देश जारी किए थे। इसके तहत अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों को अपडेट करने और उनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश थे। साथ ही व्यवस्था बनाने के लिए तैनात किए गए सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने और उनकी मौजूदगी अस्पताल के सभी क्षेत्रों में दिखाने के साथ ही वहां की पुलिस चौकी में सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे। आदेश को तेरह दिन बीत चुके हैं, मगर अब तक दोनों अस्पतालों की सुरक्षा में किसी तरह का सुधार होता नहीं दिख रहा है। अस्पतालों में लगे कैमरे जस के तस हैं और सुरक्षा गार्ड भी पुराने ढर्रे की ड्यूटी कर रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल में सशस्त्र बल के 12 जवान तैनात करने के लिए पुलिस अधीक्षक को प्रस्ताव भेजा जा चुका और डीके अस्पताल प्रबंधन इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है।

हरिभूमि सरोकार



### चौकी में तीन जवान, एक शिफ्ट 56 गार्ड

आंबेडकर अस्पताल में बनाई गई पुलिस चौकी में कुल तीन जवान वर्तमान में कार्यरत हैं। इन्हें अस्पताल में पंचनामा करने, पोस्टमार्टम कराने के साथ अस्पताल की सुरक्षा की ड्यूटी भी करनी पड़ती है। यहां 170 जवान तैनात है जिनकी तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगती है। एक शिफ्ट में 56 महिला एवं पुरुष गार्ड अपनी सेवा देते हैं। हाल ही में जारी आदेश के बाद इनकी ड्यूटी भवन के विभिन्न हिस्सों में लगाई गई है। गर्ल्स तथा ब्वायज हास्टल में एक-एक जवान तैनात किया गया है।

### कड़ी जांच के निर्देश

अस्पताल में आने वाले आंगुतको की कड़ी जांच करने के निर्देश सुरक्षा गार्डों को दिया गया है। सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही। सशस्त्र जवानों के लिए पत्र भेजा जाएगा।

- डॉ. हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक, डीके अस्पताल

### सुधार कर रहे

अस्पताल में सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने के साथ सीसीटीवी अपडेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया है।

- डॉ. एसबीएस नेताम, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### डीके में 27 जवान तैनात

डीके अस्पताल में कुल 82 सुरक्षा जवानों की तैनाती है। इनमें एक शिफ्ट में 27 सुरक्षा जवान ड्यूटी करते हैं। प्रत्येक फ्लोर पर चार जवानों के साथ मुख्य और पिछले द्वार पार्किंग में भी इनकी तैनाती की गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है। यहां लगाए गए करीब दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे हैं जो एक्टिव हैं। अस्पताल आने वाले अटेंडरों से प्रवेश पास को लेकर भी यहां सख्ती बरती जा रही है।

### रास्ता संवेदनशील कई गलियारे वीरान

अस्पताल भवन में ड्यूटी करने के बाद गर्ल्स हास्टल तक आवाजाही के लिए उपयोग किया जाने वाला रास्ता अभी भी जोखिम भरा है। यहां लाइट की व्यवस्था नहीं होने की वजह से इलाका संवेदनशील है। आवाजाही के लिए मरचुरी के पिछले हिस्से के रास्ते का उपयोग किया जाता है, जहां भी सुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं हैं। अस्पताल के विभिन्न हिस्सों में करीब 65 कैमरे लगे हैं, मगर करीब तीस कैमरों को सुधार की आवश्यकता है। दोपहर बाद अस्पताल के गलियारे वीरान रहते हैं।

# चोरों ने तीन सूने मकानों को बनाया निशान



■ कार सहित लाखों के जेवर, नकदी पर हाथ साफ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के गुढ़ियारी तथा पंडरी थाना क्षेत्र में धावा बोलते हुए चोरों ने तीन घरों में धावा बोलकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर तथा कैश पर हाथ साफ कर दिया। जिन लोगों के मकान में चोरी की घटना हुई है, उनमें से एक का परिवार धार्मिक यात्रा पर प्रयाग राज गया हुआ है। एक अन्य परिवार मृतक कार्यक्रम में शामिल होने गुढ़ियारी आया हुआ था।

पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी, बसंत विहार कालोनी निवासी कोर्ट में क्लर्क के पद पर कार्यरत सूर्यकांत पाटस्कर की पत्नी मंजूलता ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मंजूलता ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार देर रात दो बजे वह एक मृतक कार्यक्रम में शामिल होने रामनगर आई थी।

मंजूलता के अनुसार उसे चोरी की घटना की जानकारी अपने पड़ोसी के माध्यम से मिली। मंजूलता ने पुलिस को बताया है कि चोर घर के बाहर पार्किंग में रखी कार के साथ घर के दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी में रखी नकदी जेवर के साथ गद्दा के नीचे तथा गुल्लक में रखे 75 हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिया।

### कालोनी में दो मकान के ताले टूटे

एक अन्य मामले में पंडरी स्थित अविनाश सन सिटी में चोरों ने धावा बोलते हुए दो सूने मकान का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने जिस कालोनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया है, वह चारों ओर से कवर्ड होने के साथ वहां सेक्यूरिटी गार्ड की तैनाती रहती है। चोरों ने एक मकान का केवल ताला तोड़ा है, जबकि एक अन्य मकान सी-31 में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सी-31 में कितने की चोरी हुई है, इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मकान में रहने वाला परिवार दार्मिक यात्रा पर प्रयागराज गया हुआ है।

## खबर संक्षेप



### नेत्र और दंत चिकित्सा शिविर में 190 लोगों ने कराई जांच

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर ने सिटी आई केयर हॉस्पिटल के सहयोग से मंगलवार को अपने विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के लिए कुल 278 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 190 लोगों ने अपनी आंखों और दांतों की जांच की। इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों सहित छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिसने कलिंगा विश्वविद्यालय में विविधतापूर्ण और समावेशी वातावरण को उजागर किया। शिविर में डॉ मनीष श्रीवास्तव के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में सिटी आई केयर अस्पताल की टीम द्वारा व्यापक नेत्र परीक्षण किए गए। इस पहल के तहत उपस्थित लोगों को मुफ्त आई ड्रॉप भी प्रदान किए गए। इस शिविर में दंत चिकित्सा परामर्शदाता डॉ. आतिश साहू, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. मोहम्मद शहरयार खान, विभा चंद्राकर, डॉ. ए. विजयानंद, सुमन चौहान, कुलदीप बंजारे, शेख अब्दुल कादिर, निकिता जोशी, आयुषी कुचनवार आदि उपस्थित थे।

## निधन

### आशा देवी शेंडे



**रायपुर।** कोटेश्वर नगर कोटा निवासी आशा देवी शेंडे (70) का 3 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 सितंबर को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. पुंडलिक शेंडे की पत्नी थीं।

### नित्या गुप्ता



**रायपुर।** डागा बिल्डिंग बैरन बाजार निवासी नित्या गुप्ता का 3 सितंबर को जबलपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे रोहन गुप्ता की पत्नी और आरके गुप्ता और संध्या गुप्ता की बहू एवं हर्ष गुप्ता की भाभी थीं।

### पं. किशनचंद शर्मा



**रायपुर।** पवन विहार कॉलोनी न्यू राजेंद्र नगर निवासी सिंधू मंडल के पूर्व अध्यक्ष पं. किशनचंद शर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 सितंबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रशांत शर्मा के पिता थे।

### डा. दयाशंकर तिवारी



**रायपुर।** खम्हारडीह निवासी वरिष्ठ सर्जन एवं मेडिकल कॉलेज के रिटायर्ड प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष सर्जरी डॉ. दया शंकर तिवारी का 3 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 सितंबर को देवेंद्र नगर शमशान घाट में किया गया। वे राहुल, रुचि एवं रूपाली के पिता और मनीष एवं अनुराग के ससुर थे।

# चौबे कालोनी दशहरा मैदान पर न लाइट जल रही, न पानी निकासी का इंतजाम



■ वरिष्ठ नागरिकों ने निगम आयुक्त को दी जानकारी

■ जोन 7 के विद्युत गैंग को लाइट सुधारने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चौबे कालोनी के दशहरा मैदान पर गार्डन की लाइट महीनों से बंद है। बारिश के दौरान पाथवे में पानी भर जाता है, क्योंकि पानी निकासी का पर्याप्त इंतजाम नहीं किया गया है।

मैदान के व्यवस्था की प्रत्यक्ष जानकारी लेने पहुंचे निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को वरिष्ठ नागरिकों ने इसकी जानकारी दी। निगम आयुक्त ने जोन 7 के विद्युत विभाग की गैंग भेजकर बिजली बंद की शिकायत दूर करने निर्देश दिए। शहर के चौबे कालोनी के दशहरा मैदान को सुव्यवस्थित किया जायेगा। स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित दशहरा मैदान पर रोजाना सुबह और शाम बड़ी संख्या में आसपास के रहवासी सेहतमंदी के लिए पहुंचते हैं, पर बारिश के दौरान गार्डन के पाथवे में पानी भरने से लोगों को असुविधा होती है।

शाम के समय बगीचे की लाइट बंद रहने की शिकायत रहवासी करते रहे हैं। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दशहरा मैदान और गार्डन से जुड़ी समस्या का समाधान जल्द करने जोन 7 के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# चैंबर ने जीएसटी सरलीकरण के संबंध में केन्द्रीय वित्तमंत्री को भेजा सुझाव

■ 9 सितंबर को जीएसटी काउंसिल की होगी बैठक

■ चैंबर भवन में व्यापारिक संगठनों की बैठक में मांगे थे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

9 सितंबर को 54 वें जीएसटी काउंसिल की बैठक होने वाली है। इसमें जीएसटी सरलीकरण को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स की ओर से बिंदुवार सुझाव केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय जीएसटी आयुक्त मो. अबु समा और राज्य जीएसटी आयुक्त पुष्पेन्द्र कुमार मीणा को भेजा गया है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने संयुक्त रूप से बताया कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में सुझाव देने चैंबर भवन में गत दिनों एक बैठक रखी गई, जिसमें विभिन्न व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदेश के व्यापारियों के लिए जीएसटी में व याप्त विसंगतियों के सरलीकरण करने की मांग होती रही है। इसी कड़ी में राजधानी के बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन के सभागार में गत दिनों विभिन्न व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। इन सुझावों को चैंबर ने सूचीबद्ध किया।

### प्रमुख सुझाव इस तरह से

- इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटी आर 2बी के आधार मान्य होने सम्बन्धी प्रावधान को वापस लिया जाये।
- यदि क्रेता द्वारा क्रय संबंधी सभी दस्तावेज एवं भुगतान संबंधी प्रमाण दिया जाता है, तो विभाग द्वारा विक्रेता पर ही कार्यवाही की जानी चाहिए।
- आरसीएम संबंधित प्रावधान।
- जीएसटी प्रणाली में ब्याज की गणना के प्रावधान को बदला जाये।
- नियम 86 बी के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी सुझाव।
- नियम 21 जीएसटी पंजीकरण का निलंबन/निरस्तीकरण संबंधी सुझाव
- ई-इनवॉइसिंग के 1 अगस्त 2023 से 5करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों पर लागू किए गए प्रावधान वापस लिया जाये।
- ई-इनवॉइसिंग की स्थिति में खरीददार को इनपुट अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए।
- ई-वे बिल की वैधता अवधि में 50 प्रतिशत की कटौती संबंधी सुझाव।

# साध संगत के साथ स्टेशन रोड गुरुद्वारा से निकाली प्रभातफेरी



■ धूमधाम से मनाया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व

■ पुष्पवर्षा कर किया जगह जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा स्टेशन रोड में बुधवार को गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सुबह 4 बजे बोले सो निहाल सत श्रीअकाल के जयघोष के साथ गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया। पहले गुरुपरब के मौके पर सुखमनी साहेब का पाठ हुआ। साध संगत के साथ स्टेशन रोड गुरुद्वारा से प्रभातफेरी निकाली गई। इसका जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

गुरू ग्रंथ साहिब के प्रकाश के पावन अवसर पर सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा, मंजीत सिंह सलूजा, तेजिंदर सिंह होरा, गुरमीत सिंह गुरुदत्ता, कुलदीप सिंह चावला, भूपेंद्र सिंह मक्कड़, सतपाल सिंह खनूजा, हरजीत सिंह अजमानी, निरंजन सिंह खनूजा, इंदरपाल सिंह अजमानी, रश्मित सिंह टुटेजा, रविंदर सिंह दत्ता, रजिंदर सिंह सलूजा, महेंदर पाल छाबड़ा, गुरदीप सिंह छाबड़ा, भगत सिंह छाबड़ा, तरजीत सिंह मल्होत्रा, गुरचरण सिंह टाक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सुखमनी साहेब का पाठ किया

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि दसों गुरुओं की ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पहले गुरुपरब मौके पर जपजी साहेब, सुखमनी साहेब का पाठ किया गया। इसके बाद देवेंदर सिंह रिशम और उनके जत्थे ने सिमरन कराया। इस मौके पर समूह साध संगत के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारा स्टेशन रोड से शुरू हुई प्रभातफेरी संजय गांधी चौक, गुरुनानक चौक, राठौर चौक, तेलघानी नाका चौक होकर वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची। रास्ते में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका।

### शिविर में विद्यार्थियों को नेत्र के बारे में दी जानकारी

**रायपुर।** स्कोप कॉलेज ऑफ नर्सिंग और सिटी आई केयर हॉस्पिटल की ओर से महाविद्यालय परिसर में विगत दिनों निशुल्क नेत्र और दांत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डा. मनीश श्रीवास्तव, डॉ. अमृता वर्मा, डॉ. 'शहरयार खान, डॉ. अतीष साहू, डॉ. रंजना एवं उनके 9 सपोर्टिंग स्टाफ द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्टाफ का कंप्यूटर पद्धति द्वारा आंख और दांतों का जांच की। इस मौके पर डॉ. श्रीवास्तव ने नेत्र दान के विषय पर संगोष्ठी कर छात्र-छात्राओं को बताया कि नेत्र महापुण्य का काम है, नेत्र दान मृत्यु के बाद ही किया जाता है तथा भारत सरकार के छूट देने के बाद अब कोई भी घोषणा पत्र भरने की आवश्कता नहीं है।

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भः-** जिला - **रायपुर** तहसील - **रायपुर** प.ह.न. 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. **RD202324440722600320**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी **ना.बा. राहुल आकाश पिता/पति राम कृष्ण सोनकर पता- पुरानी बस्ती रायपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1414/2 (0.1010), 1373/1 (0.0280), 1477/1(0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **आकाश पिता/पति-स्व राम कृष्ण सोनकर पता-सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर छग, राहुल पिता/ पति स्व राम कृष्ण सोनकर पता सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर छग** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **13/09/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **23/08/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार : Pawan kosma**
**तहसील रायपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी अभिषेक तिवारी पिता मधुकर तिवारी, अंजू तिवारी पिता मधुकर तिवारी निवासी खर्रा, तेलीगुण्डा, तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम सेमरा प.ह.न. 07 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 718 रकबा 0.70 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय या परिवार के किसी भी सदस्यों को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता / अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जायेंगा।

स्थान- अभनपुर
दिनांक- 04/09/2024

**नागेन्द्र कुमार सिन्हा**
**अधिवक्ता अभनपुर**
**मो.नं. 9893906809**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार क्रेता श्री सुशील कुमार मुकीम, पिता- श्री मांगी लाल मुकीम, निवासी- 32 रिकेयूशन रोड, विवेकानंद विद्यालय, चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग ) के द्वारा एक कृषि भूमि जो कि ग्राम- टेकारी, प.ह.नं.- 00004, रा.नि.म.- अभनपुर, तहसील खोरपा, जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित, खसरा नंबर- 309/7, रकबा - 0.1210 हेक्टेयर, जिसमें लगभग 1000 वर्गफुट पर साधारण स्तर का भवन निर्मित है जिसको को विक्रेतागण, 01. श्री नजमूल हूदा, पिता- स्व. नूरूल हूदा, निवासी- 32 गुलमोहर पार्क, लक्ष्मण नगर, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) 02. सेक नासिरूल हूदा, पिता - स्व. सेक नूरूल हूदा, निवासी- एम.आई.जी. 37, कोटा मार्ग मारूति विहार कॉलोनी, मोहबा बाजार, रायपुर तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) से क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है जिसका केवल बैनामा/पंजीयन कराया जाना ही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, साहूकार, फर्म, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध व शून्य समझी जाएगी तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होकर शून्य मानी जाएगी। अतः सूचना जाने।

दिनांकः-04/09/2024

**विवेक रंजन गांगुली अधिवक्ता**
**सी-76/5, टैगोर नगर**
**तहसील व जिला रायपुर**
**मो.नं. 79746 66903**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)

वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130







# ... जब कचरा बीनने वाली कुमारी के संघर्ष को डॉ.आंबेडकर ने दी दिशा

**रायपुर।** इप्टा द्वारा पेश किए गए नाटक ''कुमारी सावित्री'' ने अमिट छाप मायाराम सुरजन हॉल में उपस्थित नाट्य प्रेमियों के मन में छोड़ी। कचरा बीनते हुए अभाव में जीने वाली कुमारी की जिंदगी में तब बदलाव आया, जब डॉ.आंबेडकर जयंती में लोगों से उनका सामना होता है। उन लोगों से सावित्री बाई फूले व डॉ.आंबेडकर विचारधारा का मार्गदर्शन मिलता है। इसके बाद जीवन शैली और सोच में बदलाव होता है। कचरा बीनने और रात में बच्चों को खाना खिलाने के बाद जब वह सोती है, तो डॉ.आंबेडकर साहब से कुमारी का संवाद होता है। इसमें वे कुमारी को उनके अधिकारों के बारे में बताते हुए सावित्री बाई फूले के संघर्ष की कहानी का जिक्र करते हैं। इससे प्रभावित होकर खुद अपने नाम के साथ कुमारी सावित्री जोड़ती है, तो उनके बच्चे इस बदलाव को लेकर चर्चा करते हैं। संवाद के जरिए विचारों का ताना-बाना बुना गया है। बहुजन महापुरुषों से प्रेरित कुमारी अब खुद औरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन जाती है। शेखर नाग द्वारा लिखे गए नाटक मंचन मायाराम सुरजन हाल में उनके निर्देशन में ही हुआ। इस नाट्य मंचन को 11 पात्रों ने जिवंत किया। इनमें नंदा रामटेके और संजय पटेल ने मुख्य भूमिका निभाई। रूपा चौहान, सविता भालाधरे, सीमा गजभिये, खुशी तलमले, हिमाक्षी, आरवी भालाधरे और प्रतिभा गजभिये भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए।



**शिक्षक दिवस आज :** राजभवन में छत्तीसगढ़ के 56 शिक्षकों को आज मिलेगा राज्यपाल पुरस्कार

# 'चॉक-डस्टर' के जरिए बदल डाली तस्वीर शिक्षण इनके लिए नौकरी नहीं बल्कि धर्म

*रायपुर। शिक्षक वह जो जिंदगी की दिशा बदल दे। अयोग्य को भी योग्य बना दे और हर मुश्किलों के लिए तैयार कर दे। शहरी क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की राह अपेक्षाकृत आसान होती है। दूरस्थ क्षेत्रों में सुविधाओं के अभाव में छात्रों तक पहुंचना ही जटिल कार्य होता है, लेकिन इसे प्रदेश के उन 56 शिक्षकों ने कर दिखाया है, जिन्हें आज राजभवन में राज्यपाल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इनमें से अधिकतर शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों के हैं, जहां स्कूल का होना ही बड़ी बात है। ऐसे में शिक्षकों ने ना केवल प्रत्येक छात्र तक शिक्षा पहुंचाने की ठानी बल्कि उन्हें अन्य कलाओं में भी पारंगत बनाया ताकि उनकी जिंदगी संवर सके और शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण हो सके।*

## सिलेबस के साथ दे रहे सभी तरह का ज्ञान



सूरजपुर जिला स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विकासखंड भैयाथान में व्याख्याता के रुप में कार्यरत रीता गिरी साल 2005 से निरंतर बच्चों में शिक्षा व सामाजिक कार्यों में रुचि जागृत करने का कार्य कर रही हैं। वे कहती हैं पुस्तकों का ज्ञान होने के साथ ही साथ सामाजिक स्तर पर भी जानकारी होना आवश्यक है। बीते कई वर्ष से एनएसएस के साथ जुड़कर बच्चों को शिक्षा देना का कार्य जारी है। इसके अंतर्गत प्रत्यके वर्ष सात दिनों का कैंप आयोजित किया जाता है। इस दौरान छात्रों को विभिन्न गांव भ्रमण के लिए ले जाया जाता है। शिक्षिका के उन्नत कार्य से जिला स्तर पर एक छात्र, संभाग स्तर पर दो छात्र व तीन छात्रों को राज्य स्तर पर श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार के रुप में दिया जा चुका है।

## छात्रों के लिए किया भौतिक विज्ञान का सरलीकरण



बीते 26 वर्ष से भौतिक विज्ञान विषय की व्याख्याता के रुप में कार्य कर रही नेहा नाथ कहती हैं कि विद्यार्थियों के लिए भौतिक विज्ञान विषय को समझना व सही से याद करना कठिन होता है। जिसे सरल शब्दों में समझाना व छात्रों को लंबे समय तक याद करने की कला बताने का कार्य मेरे द्वारा किया गया है। विज्ञान को समझाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय के बच्चों को लेकर स्पर्धा में शामिल होने का अवसर मिला। कोरोना काल के दौरान बेहतर शिक्षा के लिए पहली ऑनलाइन क्लास दंतेवाड़ा जिले में शुरु की। ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली में कार्य करने से पहले पूर्ण रुप से खुद जानकारी एकत्र की, जिसके बाद अन्य शिक्षकों को ऑनलाइन माध्यम के बारे में बताया।

## कभी थी नर्स, शिक्षा का अभाव देखकर बन गई शिक्षिका



ग्रामीण अंचल के विद्यालय में लड़कियों की संख्या कम होती है, जिसका मुख्य कारण परिजनों में जागरुकता की कमी है। यह कहना है माधुरी उके का। शिक्षक बनने से पूर्व नर्स का कार्य करते हुए महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। जिसमें कई महिलाओं को देखरेख व विभिन्न बीमारियों की जानकारी नहीं थी, जिसका कारण शिक्षा से वंचित रहना था। जिसके बाद शिक्षिका के रुप में कार्य किया और गांव की बच्चियों व महिलाओं को उनके अधिकार व स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। वे कहती हैं कि छात्रों को पढ़ाई के साथ अन्य सामाजिक ज्ञान होना भी जरुरी है। इसमें उनका स्वास्थ्य, जीवन जीने का सही ढंग शामिल है।

## सुकमा की बच्चियों को स्कूल भेजने झोंक दी पूरी ताकत



शिक्षक बनने के बाद जीवन का केवल एक लक्ष्य है, ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आगे बढ़ाना। यह कहना है प्राथमिक शाला गोला गुड़ा जिला सुकमा में प्रधानपाठक के रुप में कार्यरत जयमाला का। वह कहती हैं कि शहरी क्षेत्रों में जहां माता-पिता बच्चों की पढ़ाई के लिए एक्टिव हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों की पढ़ाई के लिए माता-पिता में जागरुकता की कमी है। साल 2007 में शिक्षक बनने के बाद सुकमा स्थित गांव की छात्राओं को पढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। यह मेरे जीवन का सबसे यादगार व सराहनीय वक्त रहा। गांव में विभिन्न कारणों से 5-10 साल में ही बच्चियों का स्कूल आना बंद हो गया था। साल 2010 के जागरुकता अभियान के पश्चात स्कूल से पढ़ाई पूर्ण कर बच्चियां कॉलेज में भी पढ़ाई करने जा रही। वर्तमान में स्कूल परिसर में प्रत्येक शनिवार व रविवार को बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी निशुल्क कराई जाती है। बीते वर्ष नवोदय में एक विद्यार्थी का चयन हुआ, विद्यालय में पहली बार किसी परीक्षा में छात्र का चयन हुआ है।

## कोरानाकाल में छात्रों को निशुल्क भोजन, पूरे गांव को किया स्वच्छ



वर्तमान में सूरजपुर जिले में प्रधानपाठक के रुप में कार्यरत विनीता सिंह बताती हैं कि शिक्षक बनने का सपना बचपन से रह। गांव के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती, वह बहुत होनहार होते हैं। लेकिन उन्हें आगे बढ़ने के लिए सही मार्गदर्शन ना मिलने के कारण वह बाकियों से पीछे रह जाते हैं। शिक्षक जीवन में सबसे पहला सराहनीय कार्य स्कूल के नजदीक गंदगी की साफ-सफाई कराना रहा। इससे विद्यार्थियों के साथ पूरे गांव के लोगों को लाभ हुआ। कोरोना काल के दौरान मोहल्ला क्लास के साथ बच्चों को जोड़ने का कार्य किया, साथ ही एक माह तक पूरे बच्चों को निशुल्क भोजन कराया। कोराना के दौरान मध्यान्ह भोजन चलाने से आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद हुई।

## पहले मिशन 365, अब शिक्षा चौपाल



कोरिया के महुआखाड़ा स्थित प्राथमिक शाला में पढ़ाने वाली शिक्षिका श्वेता सोनी कहती हैं कि पढ़ाने से ज्यादा इसके लिए माहौल बनाने की चुनौती होती है। मैंने 2019 के पहले तक स्कूल में मिशन 365 चलाया। पहली से पांचवीं कक्षा में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल टाइम के अलावा विभिन्न तरह के खेल से जोड़ा। पालकों को ट्यूशन फीस से बचाने के लिए अलग से क्लास लगानी शुरू की। इसका पॉजिटिव रिस्पांस भी मिला और पालकों ने भी इसे समझा। बच्चे भी छुट्टी नहीं लेते थे। बच्चों का रिजल्ट सौ प्रतिशत रहता है। कोविड के बाद शिक्षा चौपाल शुरू किया। इससे बच्चों के पालक भी शिक्षा से जुड़ने लगे हैं। शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराने में 10 से 12 हजार रुपए खुद खर्च करती हूं। आर्थिक परेशानी को दूर करने के लिए खेल, शिल्प व शैक्षणिक ज्ञान देती हूं। इससे बच्चों के साथ पालक भी शिक्षित होने के साथ आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

## अंताक्षरी व लेटर गेम से सीखा रहे अक्षर



खेल-खेल में अंग्रेजी सिखाने वाले जशपुर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अलोरी के शिक्षक टुमनु गोसांई बताते हैं कि अंग्रेजी सिखना व सीखाना बेहद आसान है। इसके लिए खेल-खेल में अंग्रेजी के अक्षरों का ज्ञान कराता हूं। इसे मजबूत करने के लिए ग्रुप लर्निंग व टीचिंग के लिए क्लास में विद्यार्थियों को अवसर देता हूं। इससे दोहरा फायदा हो रहा है। पहले तो वे अपनी बात रखने में पारंगत हो रहे हैं और दूसरा अंग्रेजी स्पीच के लिए उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसके अलावा उन्हें अक्षर आधारित अंताक्षरी व गेम खेलाता हूं। इससे स्पीच करने में वे पारंगत होते हैं। विद्यालय के स्काउट-गाइड प्रशिक्षक की जिम्मेदारी भी मेरे पास है। राज्यपाल से सम्मान पाने का अवसर मिल रहा, क्योंकि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में बेस्ट गाइट तैयार करके अंतरराष्ट्रीय जम्बुरी में शिरकत करने के लिए 150 से ज्यादा गाइड को गोवा, पंचमढ़ी, मनाली ले गया। वहां उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ है।

## ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को ले आए वापस कक्षा तक



हाथी प्रभावित जशपुर जिले से राजभवन में सम्मान लेने के लिए आए अयोध किशोर गुप्ता ने बताया कि बन्दरचुआं शासकीय उच्चर माध्यमिक विद्यालय में गणित का लेक्चरर हूं। मैंने ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को वापस शिक्षा से जोड़ने के साथ उन्हें नशे की लत से दूर करने और स्वरोजगार से जोड़ते हुए शिक्षा दे रहा हूं। इसके पीछे उद्देश्य है कि अगर वे किसी कारण से आगे पढ़ाई नहीं भी कर पाते हैं, तो भी उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या नहीं होनी चाहिए। कॅरियर गाइडेंस, प्रशिक्षण कार्यशाला के साथ समाज के बीच नशा मुक्ति अभियान चलाने में पथ संचालक बनाता हूं। इससे वे चाहकर भी नशे की आगोश में नहीं जा सकते हैं। गणित का लेक्चरर होने के नाते प्रयास करता हूं कि विद्यार्थियों का गणित से लगाव हो, इसके लिए गणित को हल करने का आसान तरीका भी सुझाता हूं। इससे हर साल स्कूल का रिजल्ट भी 95 से 98 प्रतिशत रहता है, इससे गर्व की अनुभूति होती है।

## खेल व कहानी से जोड़कर पढ़ा रही पाठ



कोरबा के सराई-सिंगारपाली स्थित प्राथमिक शाला से उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान लेने के लिए आई वसुंधरा कुर्रे ने भौंरा, कंचा और कठपुतली का इस्तेमाल करके बच्चों को पढ़ाने के लिए नवाचार किया। इसके साथ ही किताबी पाठ को चित्रों और कहानियों के माध्यम से समझाने का प्रयास करती हूं। पढ़ाने की इस नई तकनीक को बच्चे बहुत पसंद करते हैं। इस विधा को शुरू करने से पहले बच्चे पढ़ने की बजाय स्कूल आने से बचते थे। जब उन्हें स्कूल से जोड़ने के लिए नई तकनीक का प्रयोग किया, तो शार्ट अटेंडेंस की समस्या भी खत्म हो गई। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हर साल सौ प्रतिशत रिजल्ट देते हैं। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने हर पाठ को कहानी के रूप में याद किया है। उनका रिवीजन भी कहानी के आधार पर प्रश्न करके ही करवाया जाता है। इससे वे किसी भी पाठ को नहीं भूलते हैं। इसके पहले मुझे 2022 में आउट लुक इमेजिंग छत्तीसगढ़ अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।

## 10 किमी दूर जाते थे परीक्षा देन विद्यालय को सेंटर बनाने मशक्कत



बालोद के किल्लेकोड़ा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाने वाले डॉ.भरत लाल साहसी खुद एमफिल टॉपर रहे हैं। साथ ही इतिहास में पीएचडी भी का है। उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान जिन विद्यार्थियों के पास मोबाइल था, उन्हें ऑनलाइन और जिन विद्यार्थियों के पास मोबाइल नहीं था, उनके लिए दूरी को ध्यान में रखते हुए ऑफलाइन क्लास लगाने का जोखिम भी उठाया। इसके अलावा बच्चों को जल संरक्षण, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और स्वच्छता जैसे सरोकार से जुड़े कार्यों से जोड़कर बेहतर समाज का निर्माण करने और गांवों में रहने वाले लोगों की सोच बदलने के लिए पहल की। किल्लेकोड़ा के विद्यार्थियों को पहले 10 किलोमीटर दूर परीक्षा देने के लिए जाना पड़ता था, इसके चलते छात्राएं शिक्षा से वंचित रह जाती थी। इसमें सुधार करने के लिए प्रयास किया और अब किल्लेकोड़ा विद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। इससे विद्यार्थियों की संख्या व शिक्षा दोनो बेहतर हुई है।

# नितिन नबीन का आना टला, निगम मंडल आयोग की प्रतीक्षा और बढ़ी, कुछ पदों की हो सकती है घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोग की सूची जारी होने की उम्मीद लगाए भाजपा नेताओं का इंतजार कुछ दिनों के लिए आगे बढ़ गया है। दरअसल माना जा रहा था कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के राज्य के दौरे पर आने के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा और सूची जारी हो जाएगी, लेकिन श्री नबीन का प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम टल गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व वाली विष्णुदेव साय सरकार के गठन के कुछ महीनों बाद से राज्य में निगम, मंडल, आयोग, प्राधिकरणों में नियुक्ति की चर्चाएं हो रही हैं। हाल के दिनों में इस चर्चा ने जोर पकड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया के अलग-अलग हिस्सों में निगम मंडल की सूचियां वायरल हो रही थीं। हालांकि इन सूचियों को लेकर कोई गंभीरता नजर नहीं आ रही थी, लेकिन फिर भी नियुक्तियों की अटकलें तेज हो गई थीं।

अलग खबर

## कुछ पदों पर हो सकती है नियुक्तियां

इधर भाजपा की राजनीति के जानकार सूत्रों की मानें, तो निगम, मंडल में नियुक्तियों को लेकर उच्च स्तर पर बातचीत हो रही है। ऐसी संभावना है कि कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर नियुक्तियां की जा सकती हैं। इधर दूसरी ओर भाजपा में लालबत्ती यानी निगम मंडल के दावेदारों के बीच बेचैनी बढ़ रही है। दरअसल राज्य में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी को विधानसभा चुनाव से अधिक बड़ी सफलता मिली है। इसकी वजह से पार्टी के विभिन्न स्तरों पर कार्यकर्ताओं और नेताओं में उत्साह है। दूसरी बात ये है कि पार्टी की ओर से संकेत मिले थे कि लोकसभा चुनाव में जिस विधानसभा सीट से लीड मिलेगी वहां के कार्यकर्ताओं- नेताओं को इसका पुरस्कार मिलेगा। इसी आधार पर उम्मीदें बढ़ी हैं।



## प्रदेश प्रभारी का दौरा टला

हाल के दिनों में भाजपा में इस बात की चर्चा तेज हो रही थी कि प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के यहां आने के बाद निगम, मंडल की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद प्रस्तावित सूची को हाईकमान से मंजूरी मिलने के बाद सूची जारी कर दी जाएगी, लेकिन इन अटकलों पर उस समय विराम लग गया जब प्रदेश प्रभारी का रायपुर प्रवास टल गया। बताया गया है कि प्रदेश भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होने के अवसर पर वे आएंगे, लेकिन उनका आना टल गया। अब बताया जा रहा है कि बिहार में व्यस्तता होने के कारण वे नहीं आ पाए हैं।

## खबर संक्षेप



### अग्रसेन धाम में मां बेरीवाली का मंगलपाठ 17 अक्टूर को

रायपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर जीई रोड स्थित छोकरा नाला के पास अग्रसेन धाम में 17 अक्टूबर को मां बेरीवाली का मंगलपाठ और पूरे छत्तीसगढ़ के मां बेरीवाली परिवार को जोड़ने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय सालासर मंदिर प्रांगण में विगत दिनों मां बेरीवाली परिवार छत्तीसगढ़ की पहली बैठक में लिया गया। बैठक में उपसस्थित लोगों ने सर्वम्मति से अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल को, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महासचिव योगेश बेरीवाल एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए विनोद अग्रवाल को चुना गया। ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक में नंदकिशोर अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, माधव अग्रवाल, शिव गोयल आदि शामिल हुए।

### प्रतिनियुक्ति से लौटे रजत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस रजत कुमार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद बुधवार को मंत्रालय पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। उनकी ज्वाइंनिंग के बाद अब सचिव स्तर के दो अधिकारी राज्य की सेवा में लौट चुके हैं। प्रतिनियुक्ति के दौरान रजत कुमार ने डीओपीटी और जनगणना निदेशालय में कार्य किया। इसके पूर्व अमित कटारिया ने मंगलवार को ज्वाइंनिंग दी थी।

### प्रदेश सदस्यता प्रभारी विजया आज करेंगी समीक्षा

**रायपुर।** राष्ट्रीय सचिव व भाजपा प्रदेश सदस्यता प्रभारी विजया राहटकर सदस्यता अभियान प्रगति की समीक्षा करेंगी। 5 सितम्बर को सुबह 10 बजे नियमित विमान से रायपुर पहुंचेंगी। यहां प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित बैठक में हिस्सा लेंगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और भाजपा प्रदेश महामंत्री व सदस्यता अभियान समिति के सदस्य शामिल होंगे।

### शामिल होंगे बड़ी संख्या में राज्यभर के अधिकारी

# 12-13 को मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस, जारी हुआ एजेंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 12 और 13 सितंबर को राज्य के कलेक्टर एसपी की कांफ्रेंस रखी गई है। इस बैठक में राज्य के सभी संभागायुक्त, सभी पुलिस महानिरीक्षक, सभी कलेक्टर-एसपी, सभी जिला पंचायतों के सीईओ, सभी नगर पालिका निगम और परिषद के सीईओ शामिल होंगे।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस कांफ्रेंस के लिए सभी संबंधित विभागों के लिए एजेंडा जारी कर दिया है। एजेंडा के बिंदुओं पर प्रेजेंटेशन संबंधित प्रशासकीय विभाग प्रमुख करेंगे। यह कांफ्रेंस रायपुर के सर्किट हाउस ऑडिटोरियम में होगी।

### अपराध संबंधी मामलों पर होगी गहरी मंत्रणा

यह कांफ्रेस दो हिस्सों में होगी। एक में राज्य में पुलिस की गतिविधियों और अपराध की घटनाओं, और उस पर नियंत्रण से संबंधित कई बिंदु शामिल है। इनमें अपराध - परिदृश्य, शरीर संबंधी अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, अर्जित सफलताएं, संगठित अपराध (कितने गैंग्स के विरूद्ध कार्यवाही हुई) महिलाओं- बच्चों के विरूद्ध अपराध एवं रोकथाम के प्रयास, मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु कार्यवाही पर चर्चा एवं प्रजेंटेशन होगा। इसी तरह ड्रग्स डिस्पोसल, ड्रग नेटवर्क के विरूद्ध कार्यवाही, नारकोटिक्स प्रकरणों में वित्तीय जाँच एवं विभिन्न एक्ट के संबंध में चर्चा होगी। पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में मानव तस्करी व गुम बच्चों के मामलों में की गई कार्यवाही, चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कार्यवाही, अनुसूचित जाति व जनजाति के विरूद्ध अपराध व राहत राशि, लघु अधिनियम, प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही, गुंडे बदमाशों के विरुद्ध की गई कार्यवाही (पिछले 9 माह में खोले गए गुंडा फाइल की जानकारी) एनएसए और जिला बदर पर कार्यवाही की जानकारी, नये कानूनों के क्रियान्वयन की स्थिति, साइबर अपराध व उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली जाएगी।






### कानून व्यवस्था और नक्सल पर भी बात

एजेंडा के मुताबिक पुलिस अधिकारियों के साथ कांफ्रेंस के दौरान ये बिंदु भी चर्चा में शामिल होंगे। डायल 112 के क्रियान्वय की स्थिति, इकाईयों हेतु प्रशासकीय भवन आवास की स्थिति एवं आवश्यकता, इकाईयों हेतु सुरक्षा संबंधी उपकरण,वाहन,अन्य उपकरणों की स्थिति व आवश्यकता, रिक्त पदों/भर्ती, पदोन्नति की स्थिति, पुलिस कल्याण गतिविधियां, नक्सल परिदृश्य, कानून व्यवस्था की स्थिति, कार्यक्रमों हेतु अनुमति त्योहार एवं कार्यक्रम प्रबंधन (समन्वय- सावधानियों) के संबंध में चर्चा, ट्रैफिक मैनेजमेंट (रोड ऐक्सिडेंट की संख्या, रोकने के उपाय, नया प्रयोग यदि कुछ किया गया) पर बात होगी।

### कलेक्टरों से चर्चा पर इन बिंदुओं पर होगा फोकस

एजेडा के मुताबिक कलेक्टर कांफ्रेस में चर्चा और प्रजेंटेशन के लिए कई बिंदुओं के आधार पर एजेंडा तय किया गया है। इनमें कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं। राजस्व मामले की निगरानी, नामांतरण , बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, अन्य राजस्व मामले। डिजिटल फसल सर्वेक्षण सहित फसल सर्वेक्षण, जियो रेफरेंस भू-नक्शा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वच्छ भारत मिशन, (एसबीएम) नेशन रूरल लाईवलीहुड मिशन (एनआरएलएम) अमृत सरोवर योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम जन आयुष केंद्र, आयुष्मान भारतः स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, चिरायु योजना, मोतियाबिंद योजना, एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) प्रगति, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस योजना, एनएचएम में निधि उपयोग और रिक्ति की स्थिति, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य बिंदु शामिल हैं।

# जिला स्तरीय भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत, रायपुर को दो लाख का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व जिला स्तरीय सदस्यता अभियान की शुरुवात हो चुकी है। रायपुर शहर जिला का सदस्यता अभियान शहीद स्मारक भवन में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, पूर्व सांसद सुनील सोनी, प्रदेश महामंत्री संजय तीनों विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। रायपुर के वरिष्ठ नेताओं सहित सभी 16 मण्डल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

सदस्यता अभियान की मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं से कहा, एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे, इस सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भाजपा की शुरुआत हुई। आज, उसी समर्पण और सिद्धांत के साथ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, जो राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने किए वादों को पूरा करने के पश्चात अर्जित किए गए विश्वास से बना है कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से बना है राजधानी रायपुर के कार्यकर्ता लगातार पार्टी कार्यक्रमों की सफलता हेतु परिश्रम करते हैं और मेरा विश्वास है की रायपुर को मिले 2 लाख से अधिक सदस्यता के लक्ष्य को सफलता पूर्वक अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे ।

### हमने विचारधारा से समझौता नहीं किया : संजय

*कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव ने कहा, हम भाजपा की सदस्यता देश और प्रदेश को मजबूत करने के लिए ले रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा, प्रदेश नेतृत्व ने इस वर्ष हमे 2 लाख सदस्यों का लक्ष्य दिया है और मैं इस सभागार में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बल पर यह बात पुरे यकीन के साथ कह सकता हूं की हम उस लक्ष्य से कहीं ज्यादा भाजपा सदस्य इस बार बना कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।*

# कौशल्या माता की गोद में रामलला दर्शन करने पहुंचे रहे लोग, तीज पर आज खिलाया जाएगा करूभात

**चंदखुरी में तीज पर होगा सांस्कृतिक आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कौशल्या माता के मायके चंदखुरी में तीज उत्सव की धूम है। इस पर्व को विधि-विधान से निभाने के लिए पखवाड़े से तैयारी चल रही है।इसने अब उत्सव का रूप ले लिया है। माता कौशल्या के गोद में विराजमान रामलला का दर्शन करने के लिए आसपास के लोग भी पहुंच रहे हैं। तिजहारिनों को जिस तरह से करूभात खिलाने की परंपरा है, उसे गुरुवार को कौशल्या माता के मायके में भी निभाया जाएगा।

राजधानी से सटे चंदखुरी में इस बार तीजा पर्व माता कौशल्या संग मनाने के लिए उत्सव का माहौल बन रहा है। तीजा त्योहार में इस बार चंदखुरी में विराजमान माता कौशल्या के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से लोग माता की भव्य मूर्ति का दर्शन करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। साथ ही उनके गोद में विराजमान रामलला को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। भगवान रामलला बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आज उनके सामने नांदिया बैल चलाकर तथा जाता पीसकर ठेठरी खुरमी खाते हुए उत्साहित नजर आए, ऐसा लगा मानो बच्चे रामलला से मैत्री भाव स्थापित कर रहे हैं। आयोजन के संयोजक राकेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्जला उपवास के लिए गुरुवार को माता कौशल्या करूभात खाएंगी। इसके बाद रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें राकेश तिवारी निर्देशित लोक नृत्य नाटिका,, छत्तीसगढ़ में राम, गंगा साहू कृत लोक बयार का कार्यक्रम कुर्मी भवन चंदखुरी फार्म में होगा।

# छात्रों को नशामुक्ति और यातायात की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वीर शिवाजी स्कूल में जिंदगी न मिलेगी दोबारा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में तीन विषय पर बच्चों को विस्तार से बताया जिसमें नशा मुक्ति, ट्रैफिक नियम और हेल्थ है। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, जिंदगी न मिलेगी दोबारा पर मिस जीनियस एवं मिस्टर जीनियस का अवार्ड दिया गया, साथ में बहुत से रोचक प्रश्न पूछे गए, जिसमे बेस्ट नॉलेज का मेडल दिया गया। मुख्य अतिथि बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा, बच्चों को अनुशासन एवं बोली पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ में हर बच्चा अपने मां बाप का कहना माने और बुरी आदत से दूर रहे। मोटिवेशनल स्पीकर संगीता मोगरे ने कहा, आज के युग में बच्चे सोशल मीडिया की इतनी लत लग गई उससे उसको दूर होने की जरूरत है। ट्रैफिक पुलिस से टीके भोई ने कहा, लाल, पीली, हरी लाइट एवं ट्रैफिक के नियम की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में हेल्थ एक्सपर्ट डॉ कस्तुरी डागा, स्कूल के डायरेक्टर मुकेश शाह, अमर गिदवानी, डॉ एनडी गजवानी, महेश खिलनानी, मुकेश शाह, अनिल ज्योत्सिंघानी आदि उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों का मजबूत नेटवर्क बनेगा

# हर पंचायत में होंगी सहकारी समितियां पेक्स को मल्टीपेक्स के रूप में विकसित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने की ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का नेटवर्क बनाया जाएगा। हर पंचायत में होंगी सहकारी समितियां, पेक्स को मल्टीपेक्स के रूप में विकसित किया जाएगा। सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना एवं कुलदीप शर्मा, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़, ने 'सहकार से समृद्धि' पर बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में पंचायतवार, पेक्स, मत्स्य समिति और दुग्ध समितियों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही क्रियाशील और अक्रियाशील समितियों के चिन्हांकन कर सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा, ऐसे ग्राम पंचायत जहां एक भी समिति नहीं है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने कहा, आगामी छह-छह माह का लक्ष्य बनाकर पेक्स को मबजूत करने तथा मल्टी एक्टिविटी की सुविधाएं बढ़ाने के दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा, पेक्स को मल्टी परपस पेक्स के रूप में विकसित करने से लोगों के लिए घर के द्वार पर ही अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे किसानों, गरीबों और मजदूरों के समय और पैसे की बचत होगी। इस अवसर पर अपर पंजीयक एचके दोशी, अपर पंजीयक एचके नागदेव, अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक केएन काण्डे, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मछली पालन विभाग, दुग्ध महासंघ मत्स्य महासंघ, कॉमन सर्विस सेंटर व प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के राज्य प्रभारी व प्रतिनिधियों सहित अपर पंजीयक, संयुक्त पंजीयक, उप पंजीयक, सहायक पंजीयक तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

### पुराने कार्यों का कराएं आडिट

आगामी खरीफ फसल की खरीदी का समय नजदीक आ रहा है। अतः सभी समितियों के पुराने कार्यों का ऑडिट अनिवार्य रूप से कर ली जाए। वर्तमान में 2058 सहकारी समितियों और 2739 धान उपार्जन केन्द्र हैं। ऐसे ग्राम पंचायत अथवा ऐसे स्थान जहां दूरी अधिक है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड एवं रूपे क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और राज्य के ज्यादा से ज्यादा प्रदेश के किसानों इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल कोऑपरेटिव डेटाबेस की समीक्षा करते हुए सभी समितियों के डेटाबेस को अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



## खबर संक्षेप



### मुक्तिधाम उत्थान मंत्रालय की मांग, सौंपा ज्ञापन

रायपुर। मुक्तिधाम उत्थान मंत्रालय की मांग को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साई नगर के पदाधिकारियों सहित पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने बताया कि भारत देश में हैप्पीनेस मंत्रालय जैसा नया मंत्रालय का कॉन्सेप्ट लाया गया वैसे ही वर्तमान वक्त की मांग है कि अब पृथक और स्वतंत्र रूप से भारत देश में मुक्तिधाम उत्थान का गठन किया जाना चाहिए बाकायदा इसके लिए अलग से बढ़िया बजट का प्रावधान भी भारत सरकार के द्वारा किया जाना चाहिए, शहरी इलाकों में नगरीय निकाय के पास मुक्तिधामों का उद्धार का जिम्मा इतनी कम धनराशि में दिया जाता है कि खस्ताहाल हो चुके मुक्तिधामों का उन्नयन अच्छे से हो ही नहीं पता है, जिसके परिणाम स्वरूप मूलभूत आवश्यकताओं की भी प्रतिपूर्ति शासन स्तर से बिल्कुल भी नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश के समस्त मुक्तिधामों के लिए सरकार को पृथक रूप से मंत्रालय स्थापित करते हुए ज्यादा से ज्यादा बजट का प्रावधान सुनिश्चित करना चाहिए।

### शास्त्रीय नृत्य स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि आज

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल ने गणेशोत्सव पर इंडियन क्लासिकल डांसर्स के लिए 'नृत्य तरंग' के रूप में खुली स्पर्धा का आयोजन किया है। दोपहर 3 बजे मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित होने वाली इस स्पर्धा में भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, मोहिनीअट्टम, क्षत्रिय, ओडिसी, कथकली, मणिपुर जैसी शास्त्रीय नृत्य स्पर्धाएं होंगी। सांस्कृतिक समिति की सह प्रभारी गौरी क्षीरसागर ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल के गणेश उत्सव में पहली बार भारतीय शास्त्रीय नृत्य स्पर्धा 'नृत्य तरंग' को लेकर प्रतिस्पर्धियों में काफी उत्साह है व इसमें भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में उन्होंने पंजीयन करवा लिया है। जिन प्रतिभागियों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है, 5 सितंबर को उनके लिए फार्म भरने का अंतिम अवसर है। महाराष्ट्र मंडल की सांस्कृतिक समिति की प्रमुख एवं 'नृत्य तरंग' की प्रभारी प्रिया बक्षी ने बताया कि यह स्पर्धा तीन विभिन्न वर्गों 6 से 12 वर्ष, 13 से 18 वर्ष और 19 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए आयोजित की गई है।

# डीके अस्पताल में लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट जल्द, उपकरणों के लिए 6 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किडनी और लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को जल्दी ही डीके अस्पताल में इसके ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलेगी। शासन द्वारा इसके आवश्यक उपकरणों की खरीदी के लिए 6 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके लिए अत्याधुनिक आईसीयू पहले ही तैयार किया जा चुका है।

राज्य से शासकीय अस्पतालों में इसकी सुविधा अभी नहीं है, जिसकी वजह से मरीजों को कई बार काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि सुपरस्पेशलिटी सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए अब राजधानी के डीके अस्पताल में लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा जल्द शुरू की जाएगी। यह सुविधा राजधानी के मरीजों के साथ आसपास के राज्यों से आने वाले मरीजों को भी लाभान्वित करेगी। ट्रांसप्लांट की सुविधा के विस्तार के लिए यहां 6 करोड़ के उपकरणों की आवश्यकता थी, जिसे स्वशासी समिति के बजट से खरीदने के लिए मंजूरी दी गई है। अस्पताल में ट्रांसप्लांट की योजना काफी पुरानी है। इसके लिए वहां आईसीयू तैयार किया जा चुका है, मगर उपकरणों के अभाव में काम आगे नहीं बढ़ पाया था।

## ऑपरेशन के लिए पहले ही तैयार हो अत्याधुनिक आईसीयू

### ऑनलाइन हुआ फार्मेसी काउंसिल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पंजीयन की आनलाइन सुविधा का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजीयन कार्य के आनलाइन हो जाने से आवेदकों को अब काउंसिल के चक्कर नहीं लगाने होंगे, जिससे उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी। फार्मासिस्ट डाक्टर और मरीज के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है, जिस पर सही दवा एवं खुराक के निर्धारण की जिम्मेदारी होती है। पंजीयन तथा नवीनीकरण की व्यवस्था आनलाइन हो जाने से राज्य के सभी फार्मेसी छात्र एवं पंजीकृत फार्मासिस्टों को लाभ मिलेगा।



### आंबेडकर अस्पताल आईवीएफ सेंटर

आंबेडकर अस्पताल में आईवीएफ सेंटर बनाने की पुरानी योजना को शीघ्र हरी झंडी मिल सकती है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई साल पहले इसकी योजना बनाई गई थी जो ठंडे बस्ते में थी। स्वास्थ मंत्री ने इस योजना पर भी विचार करने और अटके डीपीआर पर शीघ्र काम शुरू करने का जिक्र किया है। इसके अलावा अस्पताल में आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस बनाने तथा विशेषज्ञ स्टाफ की तैनाती पर भी जोर दिया गया है।

## छूटे शासकीय सेवक परिजनों को जल्द मिलेगी पेंशन, सूची तैयार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद मृत्यु होने तथा आशक्तता वाले शासकीय सेवकों या उनके परिजनों को भी जल्द ही पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके लिए जिले में छूटे हुए पेंशनधारी सेवकों की सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची में शामिल मृत एवं आशक्तता वाले सेवकों या उनके परिजनों को पुरानी पेंशन योजना से जोड़ने के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों द्वारा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को ट्रेनिंग भी दी गई। इस ट्रेनिंग में सभी को इन प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए ईडब्ल्यूआर और ईआरएम प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

- **प्रकरणों का जल्द निराकरण करने आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग**

***215 प्रकरण लंबित, ज्यादातर प्रकरण कोविड काल के जिनमें हुई है मौतें :*** विभागीय अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में पेंशन के 215 प्रकरण लंबित हैं। इनमें ज्यादातर प्रकरण कोविड काल के हैं, जिसमें शासकीय सेवकों की मृत्यु हुई है। जिन सेवकों की मृत्यु हुई, उनमें सबसे ज्यादा शिक्षा विभाग के कर्मचारी हैं। इसके साथ दूसरे विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी शामिल हैं।

### 3 दिन में निराकरण करने दिए निर्देश

कार्यशाला में ट्रेनिंग के साथ 3 दिन के भीतर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

*- **अभिषेक शर्मा,** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायपुर*

## नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर 2 संगठनों का धरना प्रदर्शन

# दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने निकाली रैली नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मियों ने बोला हल्ला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बुधवार को सुबह से लेकर देर शाम तक गहमागहमी देखने को मिली। प्रदेश के दूरस्थ अंचलों से वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पीसीसीएफ कार्यालय का घेराव करने करने पहुंचे। दोपहर बाद हड़ताली कर्मचारियों ने धरना स्थल से रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों को पुलिस के जवानों ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। 20 दिन से अपनी 9 सूत्रीय मांग को लेकर दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी काम ठप कर तूता में धरना दे रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने 3 सूत्रीय मांग को लेकर धरना स्थल पर जमकर हल्ला बोला।

### ठेका प्रथा का विरोध, निकायों में समायोजन की मांग

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर 184 निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने तूता के धरना स्थल पर 3 सूत्रीय मांग को लेकर जमकर हल्ला बोला। हड़ताली कर्मचारी नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद कर निकायों में समायोजन कर निश्चित अवधि में नियमित करने, संबंधित निकायों द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारियों के बैंक खाते में वेतन भुगतान की मांग कर रहे थे। पंडाल स्थल पर बड़ी संख्या में दूरदराज से पहुंचे नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों की मौजूदगी चर्चा का विषय रही। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने बताया,प्रदेशभर में 20 हजार नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी अब चुप नहीं बैठेंगे। मांगों की अनदेखी से नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका और 122 नगर पंचायत में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा सफाई, पानी, बिजली, राशनकार्ड, पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, गुमाश्ता, नगर निवेश से संबंधित अहम कार्य का पूरी ईमानदारी से संपादन में सहयोग करते रहे हैं। इसके बाद भी इन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की अपेक्षा आधे से भी कम वेतन मिलता है। इससे बढ़ती महंगाई में इन्हें परिवार चलाने में काफी दिक्कत हो रही है।

### नियमित रूप से समय पर नहीं हो रहा भुगतान

धरना स्थल पर नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों की सभा को संबोधित करते हुए भुक्तभोगी प्लेसमेंट कर्मचारियों ने कहा कि प्लेसमेंट कर्मचारियों को वर्तमान में कलेक्टर दर पर भुगतान ठेकेदार के माध्यम से होता है। यह भुगतान हर माह नियमित रूप से नहीं होने से कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 1 साल पूर्व 4 हजार रुपये श्रम सम्मान निधि वृद्धि करने की घोषणा के बाद इसे लागू किया गया, पर नगरीय निकाय को छोड़कर बाकी अन्य विभागों के कर्मचारियों को इसका लाभ मिल रहा है। यह निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों के साथ पक्षपात है।

### सड़क पर उतरे वन कर्मचारी बैनर पोस्टर लेकर निकाली रैली

11 अगस्त से अनिश्चिकालीन हड़ताल कर रहे दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने नियमितीकरण, स्थायीकरण और कार्य भारित आकस्मिक सेवा नियम लागू करने सहित 9 सूत्रीय मांग को पूरा कराने बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, सरगुजा, मनेन्द्रगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से धरना स्थल पहुंचे। इनमें दैनिक वेतनभोगी, वाहन चालक, कंप्यूटर आपरेटर, कार्यालय सहायक, दैनिक श्रमिक, सुरक्षा श्रमिक, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, बेरियर गार्ड शामिल रहे। धरना स्थल से पीसीसीएफ कार्यालय का घेराव करने हड़ताली कर्मचारियों ने रैली निकाली। हड़ताली कर्मचारियों को पुलिस ने ब्रिज के पास रोक दिया। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री व वन मंत्री के नाम जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

## कश्यप ने कहा- सोरेन परिवार के भ्रष्टाचार से झारखंड बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन, सहकारिता एवं संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार बैठक कर रहे हैं। राज्य के सिमडेगा भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा की। सिमडेगा में आमजनों के भाजपा में प्रवेश को लेकर उन्होंने कहा, भाजपा की विचारधारा में राष्ट्रवाद और जनकल्याण पर आधारित है। यह पार्टी देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी के लोककल्याणकारी कार्यों व योजनाओं से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। उन्होंने कहा, भाजपा ने देश में कई बड़े चुनाव जीते हैं और केंद्र और राज्यों में सरकार में रही है। यह पार्टी देश के विकास और प्रगति के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। भारत का सम्मान बढ़ रहा है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक ले जाना होगा, इसी तरह हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को जनता के सामने रखना होगा।

- **वनमंत्री केदार कश्यप का झारखंड प्रवास, सिमडेगा में सैकड़ों ने किया भाजपा प्रवेश**

### परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर साधा निशाना

उन्होंने कहा, राज्य में पांच साल में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुशासन से प्रदेश की जनता आहत है। यहां सिर्फ एक परिवार के हित साधने का काम हुआ है। भ्रष्टाचार से तंग प्रदेश की जनता अब भाजपा की ओर भरोसे और उम्मीद से देख रही है।

## पेज 11 के शेष ...

### कानफोड़ू डीजे पर ....

अगर नियम का उल्लंघन करता संचालक पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। **55 डेसिबल से अधिक आवाज :** शहर में तीज-त्योहारों, रैली, समारोह में बजने वाले डीजे की आवाज 55 डेसिबल से ज्यादा ही रहती है, जबकि गाइड लाइन में किसी भी साउंड सिस्टम की आवाज 55 डेसिबल से कम होना चाहिए। प्रशासन भी ऐसे ही साउंड सिस्टम को अनुमति देता है, जिसकी आवाज 55 डेसिबल से कम है। ऐसे में 55 से अधिक डेसिबल के सभी साउंड सिस्टम प्रतिबंधित है। **दूसरी बार पकड़े जाने पर होगी सामग्री राजसात :** प्रशासन ने इस बार डीजे संचालकों को यह भी हिदायत दी है कि अगर किसी संचालक का डीजे दूसरी बार नियम के विरुद्ध बजाते पकड़ा जाता है, तो उसकी सामग्री राजसात की जाएगी। **प्रशासन निभाना नहीं चाहता सामाजिक जिम्मेदारी :** गाइड लाइन के अनुसार सड़क किनारे पंडाल और डीजे प्रतिबंधित है। इसके बाद भी शहर में जगह-जगह सड़क पर पंडाल लगते है और डीजे बजाए जाते हैं। डीजे पर हाईकोर्ट के भी स्पष्ट निर्देश है, बावजूद प्रशासन ने सामाजिक जिम्मेदारी से आंख मुंद ली है।

*- डा. राकेश गुप्ता, सदस्य, छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति*

### 24 घंटा पानी ...

है, 30 सितंबर तक बकाया काम पूरा हो जायेगा। दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में शामिल 15 वार्डों में चौबीस घंटे साफ पानी पहुंचाने मोतीबाग की नई पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर 170 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई गई है। 2 लाख 40 हजार घरों में जल वितरण की व्यवस्था करने स्मार्ट सिटी ने कोल्हापुर के लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन को 130 करोड़ में इस कार्य का ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी के काम की सुस्त रफ्तार के कारण अभी भी 7 हजार घरों में इंटरकनेक्शन का काम नहीं हो पाया है। 3 मोहल्लों में पानी टेस्टिंग का ट्रायल अब तक शुरू नहीं हुआ है।

### 60 फीसदी घरों ...

सरकार ने अब तक जल शुल्क की दर तय नहीं की है। आने वाले दिनों में एमआईसी की बैठक में यह प्रस्ताव चर्चा के लिए लाया जा सकता है। इसके बाद इस प्रस्ताव को सामान्य सभा में मंजूरी के लिए रखा जायेगा।

### जीएमसी में 147 ....

की यूजी सीट पर एडमिशन होगा। दूसरी ओर प्रवेश के दौरान मांगे गए तीन साल के आय प्रमाणपत्र के आदेश में संशोधन किया गया है। विद्यार्थियों से एक साल का प्रमाणपत्र और दो साल का शपथपत्र लेने की सहमति बनी है।

### एनएसयूआई के थाना ....

एबीवीपी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली, जबकि एनएसयूआई की शिकायत पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में एनएसयूआई के नेताओं का कहना है कि पुलिस पक्षपात कर रही है। मामले को लेकर बुधवार को दोपहर एनएसयूआई के छात्रों ने सरस्वती नगर थाने का घेराव कर दिया। जानकारी मिलने पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज भी सरस्वती नगर थाने में धरने पर बैठ गए। उनके साथ संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला, प्रवक्ता धनंजय ठाकुर, कांग्रेस महामंत्री सुबोध हरितवाल, सहित अन्य पदाधिकारी के साथ एनएसयूआई नेताओं ताओं का हुजूम थाने के बाहर देखने को मिला। पीसीसी अध्यक्ष ने थाने में अफसरों से बात कर एनएसयूआई की शिकायत पर एफआईआर की मांग रखी।

### यह है मामला ....

संगठनों के बीच बहस छिड़ गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा।

### मौसम के दो ....

और आसमान साफ होने की वजह से तेज गर्मी ने सबको हलाकान कर रखा है। बुधवार को राजधानी में दोपहर मौसम के अलग-अलग मिजाज नजर आए। कई इलाकों में काफी देर तक झमाझम बारिश हुई और सड़कों में पानी भर गया। पानी बरसने उन इलाकों में रहने वालों ने उमस से राहत महसूस की। वहीं कमल विहार, लालपुर सहित बड़े हिस्से में पानी की एक बूंद भी नहीं गिरी। इन इलाकों में धूप निकली रही और लालपुर मौसम वेध शाला के कार्यालय में पानी का आंकड़ा दर्ज नहीं सका। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री दर्ज किया गया वहीं बलरामपुर का पारा 35.7 डिग्री दर्ज किया गया था।

## बिजनेस साइट

### आंजनेय यूनिवर्सिटी में आज से फैशन का ग्रैंड इवेंट

रायपुर। आंजनेय यूनिवर्सिटी में 'फैशन नाउ एंड हाउ' इवेंट 5 और 6 सितंबर को मुख्य कैंपस, नरदहा रायपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय इवेंट में फैशन प्रेमियों के लिए एक खास अनुभव होगा, जिसमें रोमांचक गतिविधियां और शानदार शोकेस शामिल होंगे। इस इवेंट का मुख्य आकर्षण मुंबई से आए हुए डिजाइनर और उद्यमी मासूमी मेवावल्ला और हर्ष गुप्ता के नवीनतम डिजाइन वाले फैशन शो होंगे। वर्कशॉप में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, जो ऑनलाइन या विश्वविद्यालय कैंपस में किया जा सकता है।




रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

inforob — Learn Today, Lead Tomorrow-Your Future Star
Join our Technological Certified Courses
• Python • Artificial Intelligence • Robotics • Block Coding • Web Design • Game Design
Admission Open Limited Seats Age Group 5 years and above.
Our Other Services: • 1 Year internship for Diploma/ degree students • Certificate Courses for Robotics and AI • Summer & Winter Camp Workshop on Robotics
D 105, Guru Ghasidas Society, Priyadarshini Nagar, New Rajendra Nagar, Raipur, Chhattisgarh 492001
8721906433, 9862047382 Time: 5pm to 8pm

krishna vatika — Call and Booking Now 9406026313, 9981002160
Facilities: •20000sq.ft. Lush Green Party Lawn. •Parking Facility
Events: •Birthday party, Kitty Party, Wedding. •Anniversary, Ring Ceremony
पता- समता परिसर के सामने लालपुर, रायपुर (छ.ग.)

Furniture'sway — अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ | प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ | सोफा कमबेड बीन बैग | EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/-
मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ | पुराना गद्दा लाये नया ले जाये | Mattress 30 से 50% लेस | रूई गद्दा 220/- रूई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रूई गद्दा 4x6=600/-
संजय रूई भंडार — निरांकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

अपने घर का मॉड्यूलर किचन बनवाएं — MODULAR KITCHEN Galaxy NX
9977115597, 8319076661
C-4, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR, NEAR CITY CENTER MALL, RAIPUR, 492004
₹55,000 ₹95,000 ₹1,50,000

करन मोटर्स — CITYLIF
मात्र 10,000 रुपये डाउनपेमेंट में गाड़ी लेकर जायें
ई-रिक्शा
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलस होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

ॐ साईं कार्पोरेशन — RICHFORD
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
आकर्षक डील्स पाएं 50,000/-* तक की बचत पाएं
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पिटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

।। जय जगन्नाथ ।।
ज्योतिष समाधान एवं वास्तु शास्त्री
आचार्य जितेन्द्र मसंद
जन्मकुण्डली, वास्तु, वास्तु अनुरूप नक्शा के लिए संपर्क करें
9200028000, 7770916666
@AcharyaJitendramasand
जगन्नाथ मंदिर के पास, गायत्री नगर, मेन रोड, अंवंति विहार, रायपुर (छ.ग.)

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810



# शिक्षक दिवस

गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

## की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है, जो हमारे जीवन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करने का एक विशेष अवसर है। यह दिन भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने शिक्षा और शिक्षक समुदाय के प्रति अपने योगदान से समाज को नई दिशा दी। डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षक ही समाज के असली निर्माता होते हैं और उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी शिक्षा को समर्पित कर दी।शिक्षक दिवस का महत्व केवल एक दिवस के रूप में सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में शिक्षकों की भूमिका, उनकी महत्ता और उनकी असाधारण सेवाओं को मान्यता देने का एक अनूठा माध्यम है। शिक्षक सिर्फ पाठ्यक्रम और पुस्तकों तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे हमारे मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत और जीवन में सही दिशा दिखाने वाले होते हैं। वे हमारे अंदर छिपी हुई क्षमताओं को पहचानते हैं और हमें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करते हैं। उनके बिना हमारा जीवन अंधकारमय और दिशाहीन हो सकता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थी अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, संगीत, और नाटक प्रस्तुत करते हैं। इसके अतिरिक्त, पुरस्कार वितरण समारोह और शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर शिक्षक समाज के नवनिर्माण में अपनी भूमिका पर चिंतन करते हैं और अपने विद्यार्थियों के विकास के लिए और अधिक समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प लेते हैं। यह दिन न केवल शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने का है, बल्कि समाज को यह याद दिलाने का भी है कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विकास की दिशा में हमारे सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।शिक्षक दिवस हमें यह भी सिखाता है कि हम अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करें और उनके योगदान को सराहें। शिक्षकों का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे हर दिन के व्यवहार में उतारना चाहिए। वे हमारे भविष्य के निर्माण में जितनी मेहनत और समर्पण से कार्य करते हैं, उसके लिए उन्हें सदैव सम्मान मिलना चाहिए।इस शिक्षक दिवस पर, आइए हम सब मिलकर अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करें और शिक्षा के महत्व को समझें। शिक्षक न केवल ज्ञान के प्रदाता होते हैं, बल्कि वे समाज के स्तंभ भी होते हैं, जो समाज को दिशा देने और उसे प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक दिवस हमें प्रेरणा देता है कि हम उनके योगदान को न सिर्फ स्वीकार करें, बल्कि उनके आदर्शों पर चलने की कोशिश करें। शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं और उनका धन्यवाद, जिन्होंने हमें जीवन के हर कदम पर सही दिशा दिखाई और हमारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

Contact for ad 7987119756

PAARAS INSTITUTE OF EDUCATION
विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
Limited Seats
DCA
PGDCA
छात्रवृत्ति सुविधा
में प्रवेश लेने पर "शिक्षक दिवस का विशेष ऑफर"
6 महीने का टाइपिंग कोर्स फ्री
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें
6263903865,7987018381
9098138778, 9111348886
विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए जरूरी है "एक वर्षीय कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स"
Near Mahaveer sweets, Bhatagoan chowk, Raipur
Sahu Complex, khudmuda road, tiranga chowk, Amleshwar

Amanat
Bakery, Always Fresh
Sweet Traditions, Wholesome Creations
HAPPY TEACHER'S DAY
हर खुशी के मौके पर.. बेकरी में एक ही नाम
Quality 100% Guaranteed
अमानत बेकरी
• पोस्टल कॉलोनी के सामने, पुराना धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
• पारस नगर (देवेन्द्र नगर) रायपुर
9329060307 9165341041
Special Pure Eggless Cake & Pastry

सफलता के सूत्र:- ★ संकल्प ★ साधना ★ समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबद्ध
शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं.
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
B.Com, B.Com Computer, BBA, M.Com, Ph.D Commerce, BCA, DCA, PGDCA, B.Sc. Computer Science, BA JMC, B.Sc. Electronic Media, PGDJ, MSW, PGD in Yoga, MJ, MBA
जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
0771 4904913, 7777884998, 8871007980, 9229207980
WIFI CAMPUS | E-LIBRARY WITH 96000 E-BOOKS | SEMINAR & WORK SHOPS | PDP & ENGLISH CLASSES
शुभेच्छु: महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति.
डॉ.व्ही.के. अग्रवाल, अध्यक्ष — अजय दानी, कोषाध्यक्ष — डॉ. अमित अग्रवाल, सचिव

DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL RAIPUR
Affiliated to CBSE (Affiliation no.3330477)
Happy Teachers Day
आपने बनाया है मुझे इस योग्य, कि प्राप्त करूं मैं अपना लक्ष्य,
दिया है हर समय आपने सहारा, जब भी लगा मुझे कि मैं हारा
0771-2322400, 95753-92222
Mahoba Bazar, Kabir Nagar, Raipur-492099

VIVEKANANDA INSTITUTE FOR HUMAN EXCELLENCE
(College Division)
(Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur)
College Code - 184
ADMISSION OPEN
B.com, B.com (C.A.), BBA, DCA, PGDCA, PGDYEP (Yoga)
Facilities
• Availability of Govt. Scholarship
• Educational Facilities & Infrastructure
• Extra-curricular activities
• Cafeteria
• Personality Development
• Guest Lecture and Workshop
• Industrial Visit
• Training and placement
Merit Scholarship
20% Discount for 85% & Above
15% Discount for 75 - 84%
10% Discount for 65 - 74%
Vivekananda Vidyapeeth, Ramakrishna Paramhansa Nagar, Kota, Raipur (C.G.)
+ 91 - 6267135593
/_v_i_h_e_/
/vivekanandvidyapeeth

SREE NARAYANA KIDS ACADEMY
BE ENLIGHTENED WITH EDUCATION
SREE NARAYANA KIDS ACADEMY FAMILY WISHES TO ALL
सब गुरु की ही देन है...
Happy Teachers Day
Venu Kuttan, Chairman
Subha V.K., Administrator
"KAIPPALLIL", A-1, SUVIDHA VIHAR, NEW PURENA, MAHAVIR NAGAR (C.G.)
Ph. No.: 0771-4054557, 9300109870, 9425209870
E-mail : snkacademy@yahoo.com, Website : www.sreenarayanakids.com

COLUMBIA GROUP OF INSTITUTIONS
Serving from Nursery to Ph.D. Since 2004
Near Vidhansabha Tekari, Raipur
9893633603
7828520999
Birth Anniversary Dr. Sarvepalli Radhakrishnan
HAPPY TEACHERS' DAY
ENGINEERING | PHARMACY | NURSING
EDUCATION | SCIENCE - COMMERCE - ARTS | MBA

Happy Teacher's Day
M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY RAIPUR
(Approved/ Affiliated-CSVTU-DTE-PCI)
SANTOSHI NAGAR MATHPURENA, RAIPUR (C.G.)
1 KM FROM RAIPUR BUS STAND
रायपुर शहर में स्थित एक मात्र कॉलेज
D.PHARMA
B.PHARMA
B.PHARMA (Lateral Entry) (2nd Yr. Direct Admission)
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
HOSTEL/SCHOLARSHIP FACILITY
एडमिशन के लिए संपर्क करें या ऑनलाइन रजिस्टर करें
www.makazadpharmacy.com
CONTACT FOR ADMISSION OR REGISTRATION
0771-4913335, 94252 14413, 99812 24037, 93296 21221

SCOPE COLLEGE OF NURSING SINCE 2002 RAIPUR (C.G.)
शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षक दिवस के इस विशेष दिन पर हम स्कोप कालेज आफ नर्सिंग के समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय तथा महाविद्यालय से संबंद्व अस्पताल के सभी प्रिय शिक्षकों का ह्दय से आभार व्यक्त करते है। आपके समप्रण, ज्ञान और मार्गदर्शन ने हमारे पथ को आकार दिया है, और हमें न केवल बेहतर नर्स बल्कि बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित किया है।
सीखने की इस यात्रा में हमारे गुरू, हमारे मार्गदर्शक को हमारे निरंतर समर्थन हेतु धन्यवाद। शिक्षण के प्रति आपके जुनून ने हमारे भीतर ज्ञान के प्रति प्रेम जगाया है और इसके लिए हम सदैव आपके आभारी है।
धन्यवाद
प्रवेश प्रारम्भ
छात्र परिषद, स्कोप कॉलेज ऑफ नर्सिंग
रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय के पीछे, कांगेर वेली स्कूल के सामने, डूमरतालाब, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.- 0771-2263020, 2235575, मोबइल नं.- 91 8827091012
scoperaipur.com

Affl. to CBSE, New Delhi Affl. No. 3330020

# Gyan Ganga
## Educational Academy

GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY, RAIPUR
विद्यामृतं मश्नुते
Estd. 1992
GYAN GANGA
EDUCATIONAL ACADEMY

GLORIOUS PAST OF 31 YEARS...
31 Years

*Where Excellence Thrives*
*Empowering Students to Achieve Splendid Success!*

**Out of 200 students 115 secured 80%**

## STAR PERFORMERS - CLASS XII (2023-24)



**Devanshu Sabharwal** — JEE 2024, IIT Bhilai
**Prashant Kumar** — JEE 2024, IIT Bhilai
**Shreya Dewangan** — JEE 2024, NIT RAIPUR
**Shalom Tiwari** — JEE 2024, NIT RAIPUR
**Aditya Mishra** — JEE 2024, NIT RAIPUR



**Mahi Ajmani** — NEET 2024 (639/720), Medical College, Rajnandgaon
**Ayush Verma** — NEET 2024 (598/720), Medical College, Kanker
**Simarpreet Kaur** — NEET 2024 (598/720), Medical College, Korba
**Naman Gupta** — NEET 2024 (540/720), Balaji Medical College, Raipur
**Palathoti Stuti Keerthana** — IIIT Raipur [DSAI]

**110 students secured 80%**
Out of 145 students 25 secured 90%+

## STAR PERFORMERS - CLASS X (2023-24)



97% C.R. Prahadeeshwar
97% Anshul Daga
Rishi Singh 96%
Shwetanshu Sahu 96%
Arpita jaiswal 96%
Manya Agarwal 96%
Chirag Lakra 96%
Adishree Bhurrak 96%
Hansika Prasad 94%



Riya Verma 94%
Rajatdeep Anant 93%
Mohd. Mobasshir 93%
Lavanya singh Bisen 92%
Shreeya Halder 92%
Tarushi Rajiv Verma 92%
Baishnavi Mittal 92%
Priyam Dubey 92%

sumit

*Sweet Success Spirit of Excellence*

To vibrate aspiration for quality, dedication and commitment to students & parents, our outstanding performance in Class X & XII during session 2023-24 repeats another synonymous benchmark "In The Cause Of Excellence In Education"

The Principal, Teachers & Staff of the academy convey their choicest blessings for their achievement.

Affl. to CBSE, New Delhi (Affl. No. 3330020)
12th K.M. Vidhansabha Marg, Village - Nardaha, RAIPUR - (C.G.)
0771-2284716, 2284816
www.gyangangaraipur.org gyangangaraipur@yahoo.co.in

# Gyan Ganga
## Educational Academy

"In The Cause Of Excellence In Education"